## महासमर भूमि शिविर का शौर्य संचलन के साथ समापन



जय राजपूताना संघ द्वारा खरगोन जिले के ग्राम मैहरजा के गायत्री मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय महासमर भूमि शिविर का आज अंतिम दिन था जिसमे जिला मुख्यालय पर 1200 से भी अधिक युवाओं ने केसरिया साफा बांधकर , लठबाजी, तीरंदाजी करते हुए शौर्य संचलन निकाला इस अवसर पर संस्थापक विश्वनाथ प्रताप सिंह रेटा जी, प्रदेश संयोजक लाखनसिंह कठोडिया प्रदेश संगठन प्रमुख धर्मेंद्र सिंह सोनगरा (तारेंद्र बना),प्रदेश शिविर प्रमुख गोपालसिंह बारौली , बोद्धिक प्रमुख जयसिंह सोलंकी , कोष प्रमुख धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया खजुरिया , लाखनसिंह पालाखेडी, हितेंद्रसिंह बुडानिया,बलदेवसिंह नवनीत सिंह सिसोदिया, हेमेंद्रसिंह सोलंकी (फौजी दरबार) , भूपेंद्रसिंह जी , रविराज बना,सचिन बना, राहुल बना राठौर , राहुल बना मंडलोई, जितेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह चौहान, प्रेम सिंह जी, धर्मेन्द्र राणा, राधेश्याम सिसोदिया, रामचंद्र सिंह जी, चिरंजीवी बना अंजड,भूपेंद्र सिंह जादोन जितेंद्र सिह कनवासा तूफान सिह बालोदा अमृत बना बलराम बना वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र बना उज्जैन , विजेंद्र बना शाजापुर , अनिल दादा अंजड , गोपाल बना अंजड , बंटी बना धार , योगेंद्रसिंह मनावर , राजपाल बना पेरखड , राहुल बना राहुल सिह शहडोल सुलगांव, धर्मेंद्र बना खजुरिया, मोहित बना, अंकित बना अंजड, जयराज बना, शैलेन्द्र बना, प्रीतम बना चिडावद, रविंद्र बना भरत बना वीरेंद्र बना मनोहर बन्ना राजस्थान, कान्हा बना शहडोल, शेर सिंह बना महुडी, राजा बना गोहिल, हिम्मत सिंह झुंड, प्रह्लाद सिंह जी झुंड, साथ ही जय राजपूताना संघ के कर्मठ कार्यकर्ता एवं स्थानीय आयोजन समिति उपस्थित थी ।

## वार्ड क्रमांक 1 में पार्षद के अथक प्रयासों से 3 ट्यूबवेल की सौगात मिली



खरगोन। वार्ड क्रमांक 1 के रहवासी काफी दिनों से पानी की किल्लत से जूझ रहे थे वार्ड 1 पार्षद मीना मनोज वर्मा ने अपने प्रयासों से वार्ड वासियों के लिए एक साथ तीन ट्यूबेल स्वीकृत कराए पहला ट्यूबवेल गुरु गोरखनाथ मंदिर परिसर में कराया यहां पर मल्टी में रहवासी पानी की किल्लत से काफी दिनों से परेशानी उठा रहे थे भगवान गुरु गोरखनाथ जी के आशीर्वाद और भगवान भोलेनाथ की कृपा से मां गंगा और मां नर्मदा प्रकट हुई ट्यूब बेल मे बहुत अच्छा पानी आने से रहवासियों के चेहरे खिल उठे तो वही पार्षद मीना मनोज वर्मा ने दूसरा ट्यूबवेल दाम खेड़ा कॉलोनी में करवाया और तीसरा ट्यूबवेल टेमला रोड स्थित मल्टी वासियों के लिए करवाया गुरु गोरखनाथ मंदिर में पार्षद मीना मनोज वर्मा ने पूजन किया। पूजन करने पर सभी जगह मां नर्मदा प्रसन्न हुई।

## एनसीसी कैडेट टीकाराम जोशी का दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ चयन



**खरगोन-** दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होना हर एक एनसीसी कैडेट का सपना होता है जिसे कैडेट वास्तविकता में पूरा करना चाहता है। ऐसा ही ख्वाब पीजी कॉलेज खरगोन के एनसीसी कैडेट टीकाराम जोशी ने देखा और इसे अपनी कड़ी मेहनत एवं लगन के दम पर पूरा कर दिखाया। महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ आरएस देवड़ा ने बताया कि टीकाराम एनसीसी में सीनियर अंडर ऑफिसर के पद पर नियुक्त हैं। छात्र शुरुआत से ही अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित एवं नियमित छात्र है। कैडेट का इस वर्ष 26 जनवरी 2023 दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में कल्चर इवेंट में चयन हुआ है। प्रदेशभर के लगभग तीन लाख कैडेट में से मात्र 111 कैडेट का चयन इसके लिए किया जाता है। जिसमें टीकाराम ने चयनित होकर अपने परिवार, महाविद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया है। एनसीसी केयरटेकर प्रो. गिरीश सिंह ने बताया कि कैडेड का चयन पूर्व में भी अगस्त में इंडिपेंडेंस डे कैंप में हो चुका है एवं इनके द्वारा सीएसीटी कैंप किया जा चुका है। कैडेट के पिता श्री शिवप्रसाद जोशी पेशे से चौकीदार हैं तथा माता श्रीमती दुर्गा देवी ज्योति ग्रहणी है। कैडेट पिछले 7 सालों से डांस क्लासेज चलाकर स्वयं एवं परिवार का निर्वहन में भी मदद करता है। इसी कठिन परिश्रम एवं दृढ संकल्प से कैडेट ने अपना मुकाम हासिल किया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड दिल्ली राजपथ तथा लाल किले में आयोजित किया जाएगा।

जिसमें पहली बार मुख्य अतिथि के तौर पर इजिप्ट (मिस्त्र) के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल सीसी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कैडेट के चयन पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट श्री दीपक कानूनगो, प्रशासनिक अधिकारी डॉ जीएस चौहान, प्रो ओमकार सिंह मेहता, प्रो एमएम केसरे एवं महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नवरत्न पब्लिक स्कूल मेनगांव के प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह का रंगारंग आयोजन





**खरगोन/ आशीष गुप्ता**

**नवरत्न पब्लिक स्कूल मेनगांव के नन्हे मुन्ने बच्चो ने अपनी प्रस्तुतियों से संस्था का गौरव बढ़ाया है। नवरत्न पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर,प्राचार्य और नौनिहालों को मेरी ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं। आप खूब प्रगति करें। यह उद्गार वार्षिकोत्सव समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर ने अपने संबोधन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में नवरत्न पब्लिक स्कूल के माध्यम से बच्चों को ज्यादा बेहतर और तकनीकी शिक्षा हासिल हो सकेगी।**



संस्था के प्रथम वार्षिकोत्सव प्रयास....एक कोशिश का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबई तंवर एवं विशेष अतिथि दिनेश बापना, एम डी बापना ग्रुप,जयप्रकाश पटेल,सांसद प्रतिनिधि, वरिष्ठ समाजसेवी मिश्रीलाल यादव,बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स नवरत्न यादव,गोपाल यादव,मनीष यादव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्रीमती अनीता श्रीवास्तव एवं डायरेक्टर्स द्वारा अतिथियों का शॉल श्रीफल भेंटकर स्वागत,अभिनन्दन किया गया। युवा समाजसेवी एवं डायरेक्टर नवरत्न यादव ने स्वागत संबोधन के माध्यम से आमन्त्रित अतिथियों और पालकों,अभिभावकों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि क्षेत्र में सस्ती और श्रेष्ठ शिक्षा उपलब्ध कराना हमारा प्रथम लक्ष्य था,जिसे हम पूरा करेंगे। विशेष अतिथि दिनेश बापना ने स्कूल संचालकों को शिक्षा संसाधनों से परिपूर्ण संस्थान की स्थापना के लिए बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। डायरेक्टर गोपाल यादव ने कहा कि हम नवरत्न पब्लिक स्कूल के बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ साथ खेल और अन्य विधाओं में भी बेहतर बनाने की ओर अग्रसर है। उन्होंने इसके लिए स्कूल के शैक्षणिक स्टाफ की प्रशंसा भी की। संस्था प्राचार्य अनीता श्रीवास्तव ने प्रतिवेदन के माध्यम से नवरत्न स्कूल की गतिविधियों और विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इसके बाद जारी हुआ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला रात तक अनवरत चलता रहा। इस दौरान बच्चो ने कुल 24 सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर उपस्थित दर्शकों कि खूब तालियां बटोरी । आदिवासी,पंजाबी,गुजराती,निमाड़ी और धार्मिक गीतों पर शानदार ,लयबद्ध नृत्य प्रस्तुतियों को पसंद किया और सराहा गया।

# मकान और नदी किनारे मदिरा के अवैध अड्डों पर आबकारी विभाग की कार्यवाही

## नौसादर की बड़ी मात्रा में जब्ती को देखते हुए हुई कार्यवाही




**खरगोन-** आबकारी विभाग की अवैध मदिरा के विक्रय, संग्रहण, आसवन एवं चौर्यनयन के विरूद्ध अभियान में शुक्रवार 5 बजे धरपकड की कार्यवाही की गई। पिछले दिनों में पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर नौसादर बड़ी मात्रा में जब्ती की कार्यवाही की गई थी। सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि जिले में ऐसी परिस्थितियों निर्मित हो कि नौसादर युक्त अवैध मदिरा से जान माल को क्षति हो। इसी के मद्देनजर विभिन्न वृत्तों में कार्यवाही लगातार जारी है। शुक्रवार की सुबह खरगोन वृत्त के आबकारी दल द्वारा अस्वारिया, गंधावड़ पिपरी तथा सुरपाला में नदी किनारे अवैध मदिरा के अड्डों पर दबिश दी गई। वहीं गत दिवस गुरूवार को आबकारी दल ने ग्राम बंडयापुर, धवल्यावाड़ी, खोलगांव, मानकरी नदी किनारे अवैध मदिरों के अड्डों व मकानों में दबिश देकर कार्यवाही की है। आबकारी दल ने अवैध मदिरा के अड्डों व नदी किनारे, मकानों पर अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरूद्ध कार्यवाही दो दिनों में करीब 2 लाख 18190 रूपये की मदिरा जप्त की है। इन दो दिनों की कार्यवाहियों में वृत प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक ने मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क,च के तहत 13 प्रकरण दर्ज कर 5 आरोपियों का गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इन 13 प्रकरणों में आबकारी विभाग ने 160 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 3900 किलाग्राम महूआ लहान, 50 केन बीयर, 20 पाव देशी मदिरा व 10 पाव बॉम्बे विदेशी मदिरा जप्त की है। आबकारी विभाग द्वारा जप्त किया महूआ लहान मौके पर ही विधिवत रूप से नष्ट किया है। अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरूद्ध की गई कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्री ओमप्रकाश मालवीय, खरगोन अ तथा ब के मुख्य आबकारी आरक्षक श्री मोहब्बतसिंह पंवार, आबकारी आरक्षक राजू डूडवे, महेश जैसवाल, जगदीश पाटीदार को विशेष योगदान रहा।

# करही तहसीलदार की शिकायतें होने पर कलेक्टर ने हटाया

**खरगोन-**15 दिनों में आयोजित होने वाली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने करही तहसीलदार की शिकायतें होने पर हटाया गया। करही तहसीलदार श्री मनीष जैन को हटाकर प्रभार मण्डलेश्वर तहसीलदार श्री कैलाश डामोर को देने के अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल को निर्देश दिए। तहसीलदार श्री जैन की शिकायतें प्राप्त हुई थी। मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में प्रारूप क और ख तैयार होने के बावजूद कसरावद और महेश्वर में शत प्रतिशत प्रकरण कलेक्टर की आईडी पर नहीं भेजे जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

दोनों तहसीलों में प्रारूप क व ख और आरसीएमस 100 प्रतिशत कार्य होने बावजूद पूरे इश्तेहार जारी नहीं कराये गए। अगली बैठक तक फेज-1 में प्राप्त शत प्रतिशत कलेक्टर के पास जारी करने का लक्ष्य दिया गया है। समीक्षा बैठक में बंटवारा सीमांकन, नामांकन, सीएम हेल्पलाईन सहित 10 बिंदुओं पर गहन समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल, श्री केके मालवीया सहित सभी अनुभागों के एसडीएम उपस्थित रहे।

### 795 पट्टे बनकर हुए तैयार, फेज-2 में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश

मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना फेज-1 में अब तक 795 पात्र हितग्राहियों के आवासीय भू-अधिकार पत्र तैयार कर लिए हैं। इसमें सबसे अधिक भीकनगांव तहसीलदार द्वारा 119, कसरावद में 113, बड़वाह में 111 और महेश्वर में 107 पात्र हितग्राही है। कलेक्टर श्री कुमार ने फेस 1 के प्रकरणों में पूरा करने तथा फेस-2 में योजनानुसार कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में धारणाधिकार और स्वामित्व योजना में भी पर्याप्त प्रगति नहीं होने पर अगली बैठक में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।

### 1 माह में 60 लाख से अधिक की हुई वसूली

राजस्व वसूली को लेकर कलेक्टर श्री कुमार ने सभी अधिकारियों को सख्त लहजे में अगली बैठक तक शेष राजस्व वसूली 1 करो? 3 लाख 94 हजार 616 रुपये पूरे वसूलने का लक्ष्य दिया है। इसमें खरगोन एसडीएम अकेले को 70 लाख 34 हजार रुपये की वसूली शेष है।

## पत्रकार द्वारा पुलिस थाना चैनपुर का किया सम्मान समारोह



खरगोन जिले के झिरन्या तहसील के अंतर्गत थाना चैनपुर के थाना प्रभारी निर्मल कुमार श्रीवास के छुट्टी पर होने से वर्तमान थाना प्रभारी करण राजसिंह राठौर सहित समस्त स्टाफ का नव वर्ष के शुभ अवसर पर युवा पत्रकार कल्याण संघ के (तहसील अध्यक्ष अजय गुप्ता) द्वारा प्रमाण पत्र से किया सम्मानित। मुख्य उद्देश्य समाज हित मे कार्यरत पुलिस प्रशासन व पत्रकारों के हित में कार्य करना , व अनेको समाजिक कार्यो से एक बेहतरीन समाज का निर्माण करना आदि ।एवं पत्रकारो से जुड़कर जिन पुलिस प्रशासन ने सराहनीय कार्य किया है उनका सम्मान किया जिससे उनके द्वारा किए जा रहे सराहनीयकार्यों की कड़ी समाज को एक नई दिशा दे।

## कसरावद जनपद के लेपा से निकला कौशल निर्माण का कौशल्य रथ




खरगोन -राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री हर्ष चौहान ने कहा कि प्राचिन समय से हमारे देश का मान सम्मान हमारे कौशल के कारण होता था। जब संसार में समस्याएं ब?ने लगी तो स्किल डेवलपमेंट शब्द की उत्पत्ति हुई। लेकिन हमारे देश में प्राचिन समय से रही है। कौशल निर्माण के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है साधन और उसके बाद उन साधनों से अच्छा परिचय आवश्यक है। गांवों में अच्छे साधनों की कमी है। श्री चौहान ने आगे कहा कि आज भी गांव के जनजाति नागरिकों को बहुत कुछ आता है। उनमें आज भी बहुत हुनर, कला और कौशल है। उनके कौशल उन्नयन के लिए अच्छे औजार और उनसे परिचय और फिर मटेरियल मिल जाये तो उत्कृष्ठ कार्य निकलकर आएगा। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति के अध्यक्ष श्री हर्ष चौहान ने यह बातें नर्मदा कौशल्य रथ के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान कसरावद जनपद के लेपा गांव में कही। इस दौरान महेश्वर पूर्व विधायक श्री भूपेंद्र आर्य, चीफ प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री दिग्विजय सिंह, निमा? अभ्युदय की सचिव भारती ठाकुर, उपाध्यक्ष श्री मंगेश केकरे, श्री महेश दाबक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने सम्बोधित करते हुए इस तरह के यूनिक कार्य मे प्रशासन का पूरा सहयोग करने की बात कहीं। वही मुख्यमंत्री सचिवालय के उपसचिव श्री लक्ष्मण मरकाम, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती ज्योति शर्मा और कसरावद एसडीएम श्री अग्रिम कुमार ने भी संबोधित किया।

### खरगोन बड़वानी और अलीराजपुर जिले के गांवों में एक वर्ष तक

कौशल विकास के प्रशिक्षण में संस्था का नर्मदा कौशल्य रथ 31 दिसंबर से प्रारंभ होकर 30 दिसंबर 2023 खरगोन, ब?वानी और अलीराजपुर जिले के गांवो में प्रशिक्षण देगा। रथ के माध्यम से जनजातीय क्षेत्र में शासकीय स्कूल के कक्षा 6 से 10 वी तक के विद्यार्थियों को एवं शालात्यागी छात्रों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्था द्वारा संचालित वाहन का भ्रमण खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, धार जिलों में होगा।

### ये है निमाड़

संस्था निमाड़ अभ्युदय विगत 12 वर्षो से निमा? क्षेत्र के खरगोन जिले के अलावा अलीराजपुर, बडवानी, धार जिले के गरीब व अनुसूचित जनजाति छात्र/छात्राओं की शिक्षा के लिए प्रयत्नशील होकर लेपा पुनर्वास स्थित मुख्यालय पर छात्रों को शालेय शिक्षण के साथ कौशल विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। 23 अगस्त 2022 को निमाड़ क्षेत्र के प्रथम फॅबलॅब का उद्घाटन संस्था में हुआ है। जिसमें क्षेत्र के इंजीनियरिंग कालेज के विद्यार्थी प्रशिक्षण लेकर लाभान्वित हो रहे हैंकार्यो से एक बेहतरीन समाज का निर्माण करना आदि । एवं पत्रकारो से जुड़कर जिन पुलिस प्रशासन ने सराहनीय कार्य किया है उनका सम्मान किया जिससे उनके द्वारा किए जा रहे सराहनीयकार्यों की कड़ी समाज को एक नई दिशा दे।

## चीनी मांझा बेचने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की चेतावनी दुकानदारो को दी